# राजधानी में गणेशोत्सव की तैयारियों का अंतिम चरण





# गणेशोत्सव आज से: सज गए बाजार, रही भीड़-भाड़, युवाओं की टोलियां सक्रिय

भोपाल (काप्र)।

**गणेश उत्सव से एक दिन पूर्व सोमवार को गणेश प्रतिमाओं को खरीदने के लिए बाजारों में लोगों की भीड़ नजर आई। शहर के प्रमुख चौराहों पर करीब एक हफ्ते पहले से गणेश प्रतिमाओं की दुकान लगाने वालों ने तैयारियां शुरू कर दी थीं। सोमवार को सुबह से गणेश प्रतिमाओं को लेने वाले लोग नजर आने लगे।**

शहर के कई प्रमुख इलाकों और चौराहा सहित अन्य जगहों पर प्रतिमाओं की दुकान लगने के साथ ही गणेश उत्सव के लिए होने वाली सजावट के सामान की दुकान भी नजर आ रही है। शहर में होने वाले गणेश उत्सव के लिए लगने वाले पंडाल की तैयारियां भी अंतिम दौर में हैं। शहर में न केवल मिट्टी की, बल्कि पीओपी की बनी गणेश प्रतिमाएं भी नजर आ रही हैं। कुछ मिट्टी की प्रतिमाएं बाहर से भी यहां बिकने के लिए आई हैं, जो महाराष्ट्रीयन शैली में हैं, तो बंगाली मूर्तिकारों के हाथ से गढ़ी हुई गणेश प्रतिमाएं भी बनकर पूरी तरह तैयार हैं। कल बड़े पंडालों में स्थापित की जाने वाली गणेश प्रतिमाओं को लोग ढोल-ढमाके के साथ लेने के लिए पहुंचेंगे। शहर में 3 से 5 इंच की गणेश प्रतिमाओं से लेकर 25 फीट तक की गणेश प्रतिमाओं का निर्माण हुआ है। इस बार पहली बार है, जब इंदौर के एक क्षेत्र के पंडाल में भक्तों को गणेशजी स्त्री स्वरूप में दर्शन देने वाले हैं। शहर के 20 से अधिक स्थानों पर बड़े आयोजन होंगे, जिनकी तैयारियां अंतिम दौर में हैं। यहां कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा कई तरह की प्रतियोगिताएं भी महिलाओं और बच्चों के लिए आयोजित की जाएंगी।

### सजावट से लेकर पूजन तक का सामान

गणेश प्रतिमाओं के साथ ही लोगों को उसी जगह सजावट से लेकर पूजन तक का पूरा सामान मिल रहा है और सुबह से हर तरह के सामान को लेकर दुकानदार मौजूद हैं। आम के पत्तों से लेकर फूल और बेलपत्र तक एक ही जगह उपलब्ध है। सजावट के लिए नकली फूलों की माला से लेकर कई तरह के स्टीकर, दुपट्टे और अन्य सजावटी सामान भी मौजूद है। आज दिनभर इन जगहों पर रौनक रहेगी। कल देर शाम तक भी यह बाजार लोगों से गुलजार होंगे। गणेश प्रतिमाओं और सजावट के सामान की खरीदारी के लिए लोग परिवार सहित पहुंच रहे हैं। बच्चों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

### पिछले 5 साल में बदला ट्रेंड

पिछले 5 सालों में शहर में गणेश प्रतिमाओं को लेकर ट्रेंड बदला है। अधिकतर घरों में अब मिट्टी की गणेश प्रतिमाएं स्थापित की जा रही हैं। इतना ही नहीं, कई लोग ऐसे हैं, जो अपने हाथों से मिट्टी की गणेश प्रतिमाओं का निर्माण करके घर में स्थापना कर घर में ही विसर्जित करते हैं। पिछले चार सालों में गोबर और जड़ी-बूटियों के मिश्रण से बनी गणेश प्रतिमाएं स्थापित करने का चलन भी बढ़ा है। हर साल इन प्रतिमाओं की मांग बढ़ रही है। ये प्रतिमाएं 4 इंच से 3 फीट तक की बनाई जाती हैं। इसके अलावा इस साल गणेश उत्सव पर बाजार में सोने और चांदी से बनी गणेश मूर्तियों की मांग भी देखने को मिली है।

## विसर्जन चल समारोह मार्गों एवं घाटों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पूर्व सुनिश्चित करें : नोबल

भगवान श्रीगणेश उत्सव के दौरान शहर के विभिन्न स्थानों पर विराजे भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं को पूर्ण विधि-विधान के साथ विसर्जित करने हेतु निकलने वाले चल समारोह मार्गों एवं घाटों की आवश्यकतानुसार मरम्मत कार्य, विसर्जन कुंड, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं के संबंध में निगम आयुक्त एवं प्रभारी कलेक्टर फ्रैंक नोबल ए ने एडीएम हरेन्द्र नारायण, पुलिस उपायुक्त जोन 03 रियाज इकबाल, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन 03 श्रीमती शालिनी दीक्षित सहित जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन तथा नगर निगम अधिकारियों के साथ पुराने शहर के चल समारोह मार्गों एवं रानी कमलापति विसर्जन घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष संतोष साहू, पूर्व अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाह, प्रमोद नेमा, शिव यादव सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। श्री नोबल ने सोमवार को श्रीगणेश प्रतिमा विसर्जन चल समारोह मार्गों की मरम्मत कराने, चल समारोह मार्ग में बाधक विद्युत लाईनों को विद्युत विभाग के माध्यम से व्यवस्थित कराने, पर्याप्त प्रकाश एवं पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री नोबल ने नादरा बस स्टैण्ड, हमीदिया रोड, अल्पना तिराहा, भारत टाकीज रोड, सेन्ट्रल लायब्रेरी इतवारा रोड, मंगलवारा, हनुमानगंज, जुमेराती जनकपुरी, जुमेराती पोस्ट आफिस, सिंधी मार्केट, भवानी चौक, रानी कमलापति विसर्जन घाट का निरीक्षण किया। श्री नोबल ने रानी कमलापति घाट पर छोटी प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु विसर्जन कुंड बनाने, बड़ी प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु आवश्यकतानुसार क्रेन एवं अन्य संसाधन, सुरक्षा संसाधनों से लैस गोताखोर, पर्याप्त प्रकाश एवं पेयजल व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक प्रबंध समय के पूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री नोबल ने स्थल पर हिन्दू उत्सव समिति के पदाधिकारियों से चल समारोह मार्गों एवं विसर्जन की व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा भी की। श्री नोबल ने सभी व्यवस्थाओं को बेहतर ढंग से सुनिश्चित कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

## मुख्यमंत्री ने नागरिकों को दी बधाई

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर प्रदेश के नागरिकों को बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। श्री चौहान ने कहा है कि भारतीय पर्व त्यौहार नागरिकों को परस्पर जोड़ने का कार्य करते हैं। गणेश चतुर्थी भी सामाजिक समरसता, भाईचारे और एकता के वातावरण को मजबूत करने का अवसर है। श्री चौहान ने आशा व्यक्त की कि विघ्न विनाशक भगवान गणेश हम सभी के जीवन को और भी अधिक मंगलमय बनाएंगे। मुख्यमंत्री ने भगवान गणेश से प्रदेशवासियों की समृद्धि की कामना की है। श्री चौहान ने नागरिकों से यह भी आव्हान किया है कि पर्यावरण के संरक्षण का ध्यान रखते हुए मिट्टी से निर्मित लघु गणेश प्रतिमा की स्थापना का प्रयास किया जाए। सार्वजनिक स्थानों और घरों में इस विचार का पालन हो तो यह पर्व अपनी सार्थकता बढ़ाने का कार्य करेगा।

### जनसंपर्क मंत्री ने दी शुभकामनाएँ

जनसंपर्क एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने समस्त प्रदेशवासियों को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएँ दी हैं। श्री शुक्ल ने कहा है कि गणेश चतुर्थी का त्यौहार ज्ञान, समृद्धि और सौभाग्य के प्रतीक भगवान गणेश के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। भगवान गणेश को विघ्नहर्ता और मंगलमूर्ति माना जाता है। उन्होंने इस अवसर पर प्रार्थना की है कि श्री गणेश की कृपा से समूचे प्रदेश की सुख एवं समृद्धि में निरंतर वृद्धि हो।

## रायसेन व सीहोर में सिंचाई परियोजनाओं का शिलान्यास और भूमिपूजन करेंगे मुख्यमंत्री

भोपाल (काप्र)।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 23 सितम्बर को उदयपुरा रायसेन में 5839 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाली चिंकी-बराज एवं बौरास-बराज परियोजना का शिलान्यास तथा 190 करोड़ 11 लाख की लागत की सीहोर के भैरूंदा तहसील की सीप अंबर सिंचाई परियोजना काम्पलेक्स फेस-2 का भूमि-पूजन करेंगे।

श्री चौहान सीहोर की नीलकंठ पेयजल परियोजना से पेयजल प्रदाय का शुभारंभ भी करेंगे। श्री चौहान ने मुख्यमंत्री निवास कार्यालय स्थित समत्व भवन में कार्यक्रम की तैयारी बैठक ली। बैठक में सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री तथा रायसेन जिले के प्रभारी श्री अरविंद सिंह भदौरिया, अपर मुख्य सचिव जल संसाधन तथा नर्मदा घाटी विकास शिवनारायण मिश्रा तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि चिंकी-बौरास बराज सिंचाई परियोजना से क्षेत्र के 243 गांवों की 70 हजार से अधिक हेक्टेयर भूमि को जल उपलब्ध होगा। सीप परियोजना से भैरूंदा तहसील के 26 ग्रामों की 13 हजार 457 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस परियोजना में नर्मदा नदी से पंप-हाऊस के माध्यम से पानी लिफ्ट कर प्रेशराइज्ड पाइप प्रणाली और स्कॉडा तकनीकी द्वारा सिंचाई की जा सकेगी।

## डॉ. पाल ने अहिल्या देवी कल्याण बोर्ड अध्यक्ष का पदभार संभाला



**भोपाल ।** डॉ. राजेन्द्र सिंह पाल ने मां अहिल्या देवी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष पद का पदभार सोमवार को पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग विभाग में ग्रहण किया। उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करणराज्य मंत्री भारत सिंह कुशवाह और अन्य जनप्रतिनिधि इस अवसर पर उपस्थित थे। नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. पाल ने पदभार ग्रहण करने के पूर्व विधि-विधान से पूजा अर्चन किया।

## दिग्विजय का पाकिस्तान प्रेम फिर उजागर : डॉ. मिश्रा

भोपाल (काप्र)।

गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस द्वारा निकाली जाने वाली जन आक्रोश यात्रा का थीम सांग दरअसल पाकिस्तान से चुराया हुआ है। मिश्रा ने आज यह आरोप लगाते हुए मीडिया के सामने इसके सबूत भी पेश किए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और चचा जान दिग्विजय सिंह का पाकिस्तान प्रेम जगजाहिर है लेकिन यह प्रेम यहां तक पहुँच जाएगा इसकी उम्मीद नही थी।

गृह मंत्री मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस और चचा जान दिग्विजय सिंह का पाकिस्तान प्रेम जग जाहिर है। चचा जान पाकिस्तान के छतिग्रस्त पुल को ट्वीट कर यहां का पुल बता देते है। उन्हें उज्जैन में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे काजी साहब जिंदाबाद सुनाई देते है। अब तो उन्होंने कांग्रेस चुनाव प्रचार जन आक्रोश यात्रा का थीम सांग ही वहां से चुरा कर इस प्रेम कि सारी सीमाए लांघ दी है।डॉ मिश्रा ने मीडिया के सामने पाकिस्तान के एक राजनैतिक दल का थींम सांग का वीडियो दिखाया जो हूँ बहु कांग्रेस के चलो चलो थीम सांग जैसा था। उसकी धुन भी वही थी।उन्होंने कहा कि यह घटना यह भी सिद्ध करती है कि कांग्रेस बौद्धिक रूप से भी दिवालिया हो चुकी है। गृह मंत्री ने कहा कि मेरी तो यह समझ मे नही आया कि यह थीम सांग चचा जान दिग्विजय सिंह ने कांग्रेस को बढ़ाने के लिए बनवाया है कि कमलनाथ जी को चिढ़ाने के लिए। कही ऐसा तो नही कि कमलनाथ जी ने उनको फ़ोटो नही लगाई इसलिए उन्होंने उसका बदला इस तरह लिया । वैसे कमलनाथ को भी चलो ,चलो से ज्यादा ही प्यार है। पहले चलो चलो कर 22 से अधिक अपने विद्यायक विदा कर दिए। फिर चलो चलो कर अपनी ही सरकर गिरा दी।उसके बाद चलो चलो कर राष्ट्रपति चुनाव में क्रॉस वोटिंग करा खुद कि साख गिरा दी और अब थीम सांग बनाकर जनता को चलो चलो कर उसका भी अपमान कर रहे है। डॉ मिश्रा ने कहा कि जनता इस चलो चलो का जवाब कांग्रेस को देने के लिए पूरी तरह तैयार है। चुनाव के समय जनता भी कांग्रेस को कहने वाली है चलो ,चलो।

## शंकर संग्रहालय होगा प्रमुख आकर्षण का केंद्र

भोपाल (काप्र)।

**सनातन धर्म के पुनरुद्धारक, सांस्कृतिक एकता के देवदूत और अद्वैत वेदांत दर्शन के प्रखर प्रवक्ता 'आचार्य शंकर' के जीवन एवं दर्शन को समर्पित 'एकात्म धाम' का निर्माण ओंकारेश्वर, खंडवा में किया जा रहा है।**

आचार्य शंकर के दर्शन के लोकव्यापीकरण के उद्देश्य से ओंकारेश्वर को अद्वैत वेदांत के वैश्विक केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। अद्वैत लोक के शंकर संग्रहालय में अद्वैत वेदांत दर्शन के विभिन्न मूल्यों से परिचय कराने के लिये नवीन तकनीकी आधारित प्रकल्प विकसित किए गए हैं। शंकर संग्रहालय, एकात्म धाम का प्रमुख आकर्षण का केंद्र होगा। शंकर संग्रहालय में 500 लोगों की बैठक व्यवस्था वाला हाई स्क्रीन थिएटर होगा। जिसमें आचार्य शंकर के जीवन और दर्शन पर आधारित फीचर फिल्म 'शंकर' का प्रदर्शन होगा। संग्रहालय में वेदांत व्याख्या के लिए 'सृष्टि' गैलरी विकसित की जाएगी। संग्रहालय के श्रीयंत्र प्रांगण में प्रत्येक दिवस लेजर, लाइट, वाटर एंड साउंड शो का प्रदर्शन किया जाएगा। 3ष्ठ होलोग्राम और अन्य आधुनिक तकनीकी के माध्यम से ब्रह्मा, सृष्टि, माया, जीव एवं जगत आदि सिद्धांतों को रोचक तरीके से प्रस्तुत किया जाएगा। शो के दौरान प्रतिमा, पेडेस्टल, हंसद्वार, श्री यंत्र, ओम स्तंभ और शिखर पर प्रोजेक्शन मेपिंग भी की जाएगी। संग्रहालय के विशेष कक्ष में डायोरामा के माध्यम से आचार्य शंकर के जीवन पर आधारित 5 से 7 मिनट की दृश्यवलियाँ प्रस्तुत की जायेंगी।

### निदिध्यासन केंद्र और नर्मदा विहार

ध्यान कें केंद्र के रूप में शंकर संग्रहालय में निदिध्यासन केंद्र स्थापित किया जाएगा। 300 व्यक्तियों की क्षमता वाले इस केंद्र का मुख्य विचार बिंदु अहम् ब्रह्मास्मि रहेगा। इस केंद्र की मुख्य गतिविधियाँ ध्यान, श्रवण, मनन और निदिध्यासन आदि के विचार पद्धति पर आधारित होगी। पर्यटकों के विशेष आकर्षण के रूप में शंकर संग्रहालय के निचले तल पर नर्मदा विहार निर्मित किया जाएगा। इसमें स्वचालित नौकाओं के माध्यम से पर्यटक नौका विहार कर सकेंगे।

### कला वीथिका और शंकर स्तम्भ

आचार्य शंकर के जीवन, दर्शन तथा रचनाओं पर आधारित विभिन्न शैलियों यथा केरल म्यूरल, पट्टचित्र, कांगड़ा, मधुबनी, समकालीन विभिन्न शैलियों में देश के विख्यात चित्रकारों से चित्र बनवाये जा रहे हैं, जिनका प्रदर्शन कला वीथिका में किया जाएगा। एकात्मता की मूर्ति के नीचे मुख्य भवन में विशाल शंकर स्तम्भ होगा। शंकर स्तम्भ 45 फीट ऊँचा और इसका व्यास लगभग 100 फीट होगा। शंकर स्तंभ पर आदि शंकराचार्य के जीवन की 32 घटनाओं को प्रदर्शित किया जायेगा।

### अन्नपूर्णा भोजनालय

अन्नपूर्णा भोजनालय, संग्रहालय के पूर्व में स्थित होगा, जिसमें 300 से 500 लोगों की बैठक व्यवस्था भवन के भीतर तथा 700-1000 लोगों के लिए बैठक व्यवस्था बाहर होगी। बैठक व्यवस्था पारम्परिक एवं आधुनिक दोनों शैली में होगी। अन्नपूर्णा में पधारने वाले सभी आगंतुकों के लिए विशेष व्यंजन 'अद्वैतभोग' की भी व्यवस्था होगी जो सभी के लिये उचित दाम पर उपलब्ध होगा। मध्यप्रदेश के मुख्य व्यंजनों के साथ भारत के विभिन्न क्षेत्रों के विशेष व्यंजन भी उपलब्ध होंगे।

### अद्वैत कलाग्राम और पंचायतन मन्दिर

मध्यप्रदेश एवं भारतवर्ष की समस्त लोक एवं क्षेत्रीय शिल्पों के प्रदर्शन और विक्रय के लिए अद्वैत कलाग्राम विकसित किया जा रहा है। कलाग्राम में दुकानों की वास्तुशैली पारम्परिक मन्दिर वास्तुशिल्प आधारित होगी। परिसर के बीच खुले स्थान पर कलाकारों द्वारा शिल्प कलाओं का लाइव डेमोंस्ट्रेशन किया जाएगा। आचार्य शंकर द्वारा पुनर्स्थापित पंचायतन पूजा पद्धति पर पंचायतन मन्दिर का निर्माण हो रहा है। मंदिर का निर्माण नागर शैली पर सम्पूर्णतः पत्थर से किया जाएगा। यहाँ पर नित्य पूजा अभिषेक होंगे तथा भक्त भी पूजा अभिषेक कर पायेंगे। बच्चों के विद्यारम्भ, उपनयन इत्यादि संस्कार के लिये व्यवस्था होगी।


## कार्यालय थाना प्रभारी थाना शाहजहांनाबाद नगरीय पुलिस भोपाल (म.प्र.)

क्र./थाप्रा/शाह.बाद/भो/मर्ग क्र. 26/2023 दि. 14.09.2023

### जाहिर सूचना



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त विषयांतर्गत लेखकर निवेदन है कि थाना शाहजहाँनाबाद भोपाल मे दि. 13.09.2023 को सूचक नफीस पिता शरीफुद्दीन उम्र 25 साल नि. म.नं.142 मजदूर नगर थाना शाहजहाँनाबाद भोपाल की सूचना पर मर्ग क्र:- 26/2023 धारा:-174 जाफौ का कायम कर जाँच मे लिया गया है। मृतक अज्ञात पुरुष उम्र करीब 40 से 45 साल के परिजनो की तलाश पतारसी हेतु हर संभव प्रयास किये जा रहे है ।

मृतक अज्ञात पुरुष उम्र: 40 से 45 साल के मध्य, हुलिया कद करीबन 5 फिट मोटा, सिर के बाल काले, गले मे काले धागा की माला ऊपरी बदन पर कोई कपडा नही है। अंडरबीयर डार्क कलर की पहने हुये है जिसके परिजनो की तलाश की जा रही है किन्तु कोई जानकारी नही लग सकी । जिस व्यक्ति को जानकारी हो तो थाना उपस्थित होकर जानकारी देवे अथवा दुरभाष क्र: 0755-2677331 एवं जाँचकर्ता उप निरी सर्वेश सिंह के मोबाईल नंबर 7049106271 पर तत्काल संपर्क करे ।

थाना प्रभारी थाना शाहजहांनाबाद
नगरीय पुलिस,भोपाल(म.प्र.)

जी-19894/23



## कार्यालय सहायक पुलिस आयुक्त नगरीय पुलिस जहांगीराबाद जिला भोपाल

### जाहिर सूचना

थाना ऐशबाग भोपाल अपराध क्रमांक-322/2023



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 16/06/18 को फरियादी सरल कुमार शर्मा पिता कालूराम शर्मा उम्र 44 साल नि. म.नं. 241 गली नं. 02 संतोषी माता मंदिर के पास एस. एस. साहू का मकान थाना ऐशबाग भोपाल द्वारा थाने पर आकर सूचना दिया कि उसका नाती निर्मल शर्मा पिता श्रवण कुमार शर्मा उम्र 12 साल नि. संतोषी माता मंदिर के पास एस एन साहू का मकान ऐशबाग भोपाल का दिनांक 16/06/18 को सुबह 07.30 बजे घर से बिना बताये कही चला गया जो वापस नहीं आया है । जिसकी रिपोर्ट पर थाना ऐशबाग में अपराध क्र. 322/2018 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

अत: अपहृत बालक निर्मल शर्मा पिता श्रवण कुमार शर्मा उम्र 12 साल नि. संतोषी माता मंदिर के पास एस एन साहू का मकान ऐशबाग भोपाल के संबंध में कोई भी जानकारी प्राप्त होती है तो थाना ऐशबाग के दूरभाष क्रमांक 0755-2751761, 9479990521 पर सूचित करने का कष्ट करें। **गुमशुदा का हुलिया:** शरीर दुबला पतला, लंबाई 04 फिट, रंग गोरा, चेहरा लंबा, मेहरून कलर की टीशर्ट व नीली जीन्स पहने है पैरो मे सैन्डेल पहने है ऊपर होठ पर बांये तरफ तिल है ।

सहायक पुलिस आयुक्त
नगरीय पुलिस,जहांगीराबाद (म.प्र.)

जी-19876/23